हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 21 जून 2026

08 डामर हुआ महंगा, पीडब्ल्यूडी की 7 करोड़ लागत की सात सड़कों का निर्माण अटका





## खबर संक्षेप

### 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आज

**विदिशा।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सुबह 6 बजे से पुलिस ग्राउंड पुलिस लाइन में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विदिशा विधायक मुकेश टंडन रहेंगे। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग निर्धारित की गई है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी और नागरिक भाग लेंगे। सुबह 6:30 बजे राष्ट्रीय कार्यक्रम तथा 6:45 बजे मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण होगा। इसके बाद 7 से 7:45 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा।

### अवैध मत्स्याखेट पर होगी सख्त कार्रवाई

**विदिशा।** मछली संसाधनों के संरक्षण और प्राकृतिक प्रजनन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 16 जून से 15 अगस्त तक बंद ऋतु घोषित की गई है। इस अवधि में निर्दिष्ट क्षेत्रों एवं राज्य मत्स्य महासंघ के अधीन सभी जलाशयों में मत्स्याखेट, मछली विक्रय और परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। महासंघ ने अवैध मत्स्याखेट रोकने के लिए विशेष निगरानी, गश्त और संवेदनशील क्षेत्रों में कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए हैं। अवैध मछली परिवहन पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई होगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## बैठक: 108 एम्बुलेंस और संजीवनी क्लीनिक की व्यवस्था सुधारने के निर्देश

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गर्भवती माताओ का 100% एएनसी पंजीयन करें: कलेक्टर

**108 सेवा में राशि वसूली की शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मरीजों को शासन की मंशानुरूप समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की समन्वय बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित टीकाकरण, संजीवनी क्लीनिक, 108 एम्बुलेंस सेवा और मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की।

**मेडिकल कॉलेज के 30 पीजी स्टूडेंट लटेरी-सिरोंज के अस्पतालों में देंगे सेवाएं**



**विदिशा।** बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

**लटेरी-सिरोंज को मिलेगा विशेषज्ञों का सहयोग:** मेडिकल कॉलेज के 30 पीजी स्टूडेंट्स लटेरी और सिरोंज भेजे जाएंगे। दोनों अस्पताल में 15–15 छात्र तैनात होंगे। जिनके आवास और भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी बीएमओ को सौंपी गई है। बैठक में सीएमएचओ, मेडिकल कॉलेज के डीन, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सहित जिले के स्वास्थ्य अधिकारी एवं सीडीपीओ मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज के डीन को निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज के 30 पीजी स्टूडेंट्स को लटेरी और सिरोंज के शासकीय अस्पतालों में 15-15 के समूह में भेजने की व्यवस्था की जाए। वहीं संबंधित बीएमओ को इन छात्रों के आवास और भोजन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि जिले में गर्भवती महिलाओं का एएनसी (प्रसव पूर्व जांच) पंजीयन शत-प्रतिशत होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन क्षेत्रों की गर्भवती महिलाएं बिना एएनसी पंजीयन के मेडिकल कॉलेज या जिला अस्पताल में प्रसव के लिए पहुंच रही हैं, वहां संबंधित एएनएम के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रथम तिमाही में सभी गर्भवतियों का पंजीयन, आवश्यक जांचें और पोर्टल पर समय पर डेटा अपडेट करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रसव के तुरंत बाद ऑनलाइन प्रविष्टि और जननी सुरक्षा योजना के भुगतान में देरी नहीं होने की बात कही। संजीवनी क्लीनिकों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शहरी स्वास्थ्य अधिकारियों को नियमित सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग से कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से इन क्लीनिकों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए। 108 एम्बुलेंस सेवा की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि यह सेवा पूरी तरह निशुल्क है और किसी भी हितग्राही से राशि वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में सैम-मैम बच्चों की पहचान, गर्भवती महिलाओं की जांच और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

### गर्भवती महिलाओं पर विशेष फोकस

- 100% एएनसी पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश।
- प्रथम तिमाही में सभी गर्भवतियों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य।
- हाई रिस्क प्रेग्नेंट महिलाओं को बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराने पर जोर।
- प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में हाई रिस्क गर्भवतियों की सूची प्रदर्शित होगी।

### 108 एम्बुलेंस पर सख्ती

- सेवा पूरी तरह नि:शुल्क रखने के निर्देश
- किसी भी मरीज से राशि लेने पर होगी कार्रवाई
- समयबद्ध रिस्पॉन्स सुनिश्चित करने के आदेश
- शिकायत मिलने पर जिम्मेदार कर्मचारियों पर कठोर दंड।

# अभिषेक रघुवंशी प्रकरण: एफआईआर नहीं तो 23 जून से भूख हड़ताल करेंगे

## रघुवंशी समाज की चेतावनी: 48 घंटे में कार्रवाई की मांग, पुलिस प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पशु चिकित्सालय गुलाबगंज में कार्यरत गौसेवक मैत्री अभिषेक रघुवंशी के साथ कथित रूप से जहरीला पदार्थ पिलाने के मामले में रघुवंशी समाज का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। समाज के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि मामले में पूर्व में पुलिस को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होने से समाज में नाराजगी है। रघुवंशी समाज जिला विदिशा के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने कहा कि घटना गंभीर प्रकृति की है और समय रहते कानूनी कार्रवाई नहीं होना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि समाज न्याय की मांग कर रहा है और दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई अपेक्षित है। उनका कहना है कि यदि ऐसे मामलों में भी पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो आमजन का विश्वास प्रभावित होता है।

### गांधी प्रतिमा पर भूख हड़ताल की घोषणा

समाज की ओर से पुलिस प्रशासन को 48 घंटे के भीतर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। मोहर सिंह रघुवंशी ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं हुई तो रघुवंशी समाज आंदोलन का रास्ता अपनाएगा। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज नहीं होने की स्थिति में 23 जून मंगलवार को गांधी प्रतिमा, नीमताल तिराह विदिशा पर समाजजन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हो सकते हैं। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि न्याय और सुरक्षा से जुड़ा विषय है। उन्होंने दोहराया कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होने तक समाज अपनी आवाज उठाता रहेगा। समाज ने प्रशासन से मामले में शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई कर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

## चेन स्नेचर की गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम

**विदिशा।** राजीव नगर क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक से लौट रही दो महिलाओं से हुई चेन स्नेचिंग की वारदात के मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। घटना के सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं, जिनमें आरोपी स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है तथा उनकी तलाश में पांच विशेष टीमें लगाई गई हैं।
गुरुवार सुबह बालाजी एवेन्यू निवासी विनीता गोयल और प्रेमलता धीरन को स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने निशाना बनाया था। महिलाओं ने विरोध भी किया, लेकिन आरोपियों के पास चाकू होने से वे वारदात कर फरार हो गए। जांच में सामने आया है कि बदमाश बिना नंबर प्लेट की स्कूटी का उपयोग कर रहे थे। पुलिस ने विदिशा, भोपाल, सागर और बैरसिया रोड तक 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। प्रारंभिक जांच में आरोपियों के बाहरी होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

# डीजे की तेज रोशनी से हादसा स्कूटी सवार के ऊपर पलटी थार

**समाजसेवियों ने पहुंचाया अस्पताल; नकदी व कैमरा सौंपा**



- घायल युवक का एक पैर बुरी तरह से जख्मी हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर के मुखर्जीनगर स्थित शक्ति पेट्रोल पंप के सामने शनिवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क से गुजर रही एक बारात में डीजे की तेज शार्पी लाइट सड़क पर पड़ रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही थार के चालक की आंखों पर तेज रोशनी पड़ने से वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा।

अनियंत्रित थार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर पलट गई। पलटने के बाद वाहन सड़क पर जा रहे एक स्कूटी सवार पर जा गिरा। हादसे में स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि युवक का एक पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही समाजसेवी आदर्श तिवारी अपने साथी राजा यादव के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के दौरान घायल युवक का एक बैग भी मौके पर छूट गया था। बैग में कैमरा सहित अन्य सामान और करीब 20 हजार रुपए नकद रखे थे। समाजसेवी आदर्श तिवारी ने बैग को सुरक्षित रखकर बाद में पूरी नकदी और सामान परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस ने झपटमारी का किया खुलासा, 2 नाबालिग गिरफ्तार

**आरोपियों के पास से मोबाइल और बाइक जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कोतवाली पुलिस ने झपटमारी की वारदात का खुलासा करते हुए दो विधि-विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक और छीना गया मोबाइल फोन सहित करीब 68 हजार रुपए मूल्य का मशरूका बरामद किया है।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में की गई कार्रवाई के तहत फरियादी जगदीश शर्मा निवासी राजेन्द्र नगर बक्सरिया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 17 जून को नीमताल ब्रिज के नीचे बाइक सवार अज्ञात युवकों ने उनसे नकदी और मोबाइल फोन झपट लिया था।

एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपियों की पहचान की। पूछताछ में दोनों बालकों ने घटना स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर बजाज सीटी-100 मोटरसाइकिल और आईटेल मोबाइल फोन जब्त किया गया।

## 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ 650 कैडेट्स ले रहे सैन्य एवं नेतृत्व का प्रशिक्षण

**विदिशा।** 14 एमपी एनसीसी बटालियन द्वारा एसएटीआई एवं एटीआई डिग्री कॉलेज परिसर में 19 से 28 जून तक 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ कैंप कमान अधिकारी कर्नल अंशुभान सिंह ने किया। उन्होंने कैडेट्स को एनसीसी के मूल मंत्र ₹एकता और अनुशासन₹ का महत्व बताते हुए अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का संदेश दिया। शिविर में विदिशा, रायसेन तथा भोपाल ग्रुप के लगभग 650 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। उन्हें ड्रिल, मैप रीडिंग, योग, हथियार प्रशिक्षण, फायरिंग, आपदा प्रबंधन, नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष रूप से थल सैनिक कैंप (टीएससी) के लिए चयनित 150 कैडेट्स भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे हैं। शिविर में पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। संचालन में सूबेदार मेजर हृदय रंजन सहित एनसीसी अधिकारी एवं पीआई स्टाफ सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**1998 से संचालित पतांजल योगावर्त आश्रम बना स्वास्थ्य, ध्यान और आत्मविकास का केंद्र**

# योग और साधना को समर्पित जीवन: स्वामी वेदानंद सरस्वती ने हजारों लोगों को दिखाई सकारात्मक राह

अटल तिवारी ▶▶ विदिशा

नगर से दूर सांची रोड काली मंदिर के पीछे पर स्थित पतांजल योगावर्त आश्रम पिछले करीब तीन दशकों से योग, ध्यान और आध्यात्मिक साधना का केंद्र बना हुआ है।

आश्रम के संस्थापक 84 वर्षीय सन्यासी स्वामी वेदानंद सरस्वती ने अपना संपूर्ण जीवन योग के प्रचार-प्रसार और जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया है। वर्ष 1998 में स्थापित इस आश्रम की नींव हालांकि 1994 में शुरू हुए योग



वेदानंद सरस्वती



दीक्षानंद सरस्वती

प्रशिक्षण अभियान से पड़ी थी। दशनामी परंपरा के सन्यासी स्वामी वेदानंद सरस्वती, स्वामी शिवानंद महाराज एवं मुंगेर मठ के स्वामी सत्यानंद महाराज से दीक्षित हैं। वे गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए योग और आध्यात्मिक ज्ञान का प्रसार कर रहे हैं। आश्रम में अब तक विदिशा सहित आसपास के हजारों लोगों ने योग का प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवनशैली अपनाई है। यहां से प्रशिक्षित अनेक योग शिक्षक देश के विभिन्न हिस्सों में योग का संदेश पहुंचा रहे हैं। आश्रम से जुड़ी स्वामी डॉ. दीक्षानंद सरस्वती बताती हैं कि यहां आने वाले साधकों को केवल योगाभ्यास ही नहीं, बल्कि सकारात्मक और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा भी दी जाती है। उन्होंने बताया कि कई ऐसे लोग भी आश्रम पहुंचे जो अवसाद और निराशा से जूझ रहे थे। नियमित योग, ध्यान और आध्यात्मिक मार्गदर्शन से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया और वे आज आत्मविश्वास के साथ जीवन जी रहे हैं।


बेतवा तट पर बसी विदिशा का संबंध योग के जनक महर्षि पतंजलि से भी माना जाता है। ऐसे में पतांजल योगावर्त आश्रम योग की इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए समाज को स्वास्थ्य, संतुलन और आत्मिक शांति का संदेश दे रहा है।




उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान
समाचार पत्र हरिभूमि के 12वें स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाईयां
ईश्वर शर्मा (राजू)
जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ
बृजमोहन शर्मा
तह. अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ शमशाबाद


उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र हरिभूमि के
12वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि 12वां स्थापना दिवस
कमलेश सेन
मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति सदस्य


चलो कुछ अच्छा करते हैं ग्रुप
की ओर से
उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र
हरिभूमि के
11वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
दीपेश शाह
संस्थापक


उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान
समाचार पत्र हरिभूमि
के 12वें स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाईयां
भारती प्रदीप माहेश्वरी
अध्यक्ष नगर परिषद शमशाबाद


होटल राजावत रेस्टोरेंट & रेसीडेंसी
सभी प्रकार के भारतीय व्यंजन
स्पे. दाल बाफले एवं दाल बाटी प्रतिदिन
कुछ न करें सिर्फ बुक करें
रिंग सेरेमनी ◆ किटी पार्टी
बर्थ-डे पार्टी
एसी. एवं नॉन ऐसी लग्ज़री रूम
कॉन्फ्रेंस के लिए सुव्यवस्थित हॉल उपलब्ध
संचालक
महिपालसिंह राजपूत
सभी प्रकार के ताज़े फलों का जूस
एमपी जूस सेंटर
पताः रेल्वे स्टेशन के पास, माधवगंज, विदिशा. मो. 9425178889


GOOD BRIGHT FUTURE HIGH SCHOOL
ADMISSION OPEN
21 वर्षों से बोर्ड परीक्षा में इंग्लिश मीडियम से दिये शानदार परीक्षा परिणाम...
अंग्रेजी माध्यम कक्षा नर्सरी से कक्षा 10वी तक
मनोज राठौर
संचालक
एम.एससी.,बी.एड., डी.एड.
एम.ए. (अंग्रेजी)
श्रीमति प्रियंका राठौर
प्राचार्य
बी.ए., बी.एड., डी.एड.
एम.ए. (संस्कृत)
Add.: Karaiyakheda Road, In front of street No. 05, Ganpati Vihar, Vidisha. Mob. 9584477811


अब अपने शहर विदिशा में बवासीर से पीड़ित मरीज मिलें
पाईल्स विशेषज्ञ
डॉ. गौरव शर्मा
B.A.M.S. CKS (New Delhi)
Mob. 9827294411
ऑपरेशन से बचें
क्षारसूत्र पद्धति द्वारा
Piles, Fissure, Fistula
बवासीर, नासुर (भगंदर) मस्से, शौच के समय जलन, दर्द, खून व पस आना,गठान व शौच के रास्ते पर मस्से के स्थायी समाधान व उपचार हेतु मिलें
गंजबासौदा
(प्रत्येक माह की 5 तारीख)
पताः आरोग्यम क्लीनिक
वैशाली नगर, मेन रोड, विदिशा


श्री राम सिटी
उत्कृष्ट पत्रकारिता के
कीर्तिमान समाचार पत्र हरिभूमि के
12वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
बुकिंग प्रारंभ
पताः पेट्रोल पंप के सामने, रामलीला रोड, श्रीराम नगर चौराहा, विदिशा
मोबा. 9630776277, 9425614787


उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र
हरिभूमि के
12वे स्थापना दिवस
पर समस्त हरिभूमि परिवार को
हार्दिक शुभकामनाएं
एवं बधाईयां
कमल सिलाकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा


स्थापना दिवस
हरिभूमि
12वां वर्ष
उत्कृष्ट पत्रकारिता के
कीर्तिमान समाचार पत्र
हरिभूमि
11वें स्थापना दिवस
पर
हार्दिक शुभकामनाएं
राधेश्याम माहेश्वरी
जिला संयोजक भाजपा व्यापारी प्रकोष्ट
प्रदेश महामंत्री अनाज तिलहन व्यापार महासंघ म.प्र.
अध्यक्ष, अनाज व्यापार उत्थान कल्याण संघ विदिशा
सचिन साहू
उपाध्यक्ष
महेन्द्र जैन
महामंत्री
स्व.सुरेश अग्रवाल
मंत्री
ओमप्रकाश पाटोदिया
कोषाध्यक्ष
प्रेम साहू
महासंघ प्रतिनिधी
मयंक अग्रवाल
महासंघ प्रतिनिधी
कुलदीप गुप्ता
महासंघ प्रतिनिधी
राकेश बंसल
महासंघ प्रतिनिधी
प्रदीप साहू
प्रवक्ता
यश जैन
सहप्रवक्ता
निवेदक : अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ, विदिशा


उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र
हरिभूमि
12वे स्थापना दिवस पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
स्थापना दिवस
हरिभूमि
12वां वर्ष
विजय कुमार बंसल
घनश्याम बंसल
मो.नं. 9827346525
बंसल ट्रेडर्स
गोयल धर्मशाला के पास, विदिशा
मो. 8989412025, 9406549925


उत्कृष्ट पत्रकारिता
के कीर्तिमान समाचार पत्र
स्थापना दिवस
हरिभूमि
12वां वर्ष
हरिभूमि
12वे
स्थापना दिवस
पर
हार्दिक
शुभकामनाएं
आशा सिंह राजपूत
वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री

## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की दी जानकारी

# फखेजड़ाहाली, टांडा बंजारा सतपाडा, आनंदपुर व जावती में विधायक का दौरा, पीएम मोदी के लिए लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम खेजड़ाहाली, टाडा बंजारा, सतपाड़ा, आनंदपुर एवं जावती तहसील लटेरी के ग्रामों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घ एवं यशस्वी जीवन की कामना की। वहीं उन्होंने युवाओं से संवाद भी किया जिसमें युवाओं ने मोदी जी के द्वारा राष्ट्र हित मे किये जा रहे हैं कार्यों की सराहना की।

विशेष जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक श्री शर्मा ने विभिन्न ग्रामों में स्वच्छता अभियान एवं प्रगति पथ यात्रा सहित अनेक कार्यक्रमों में सहभागिता की। उन्होंने ग्रामीणों, प्रबुद्धजनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर विधायक श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण एवं आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। आज देश वैश्विक मंच पर नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है और शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प साकार होने की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भी पहुंचे विधायक शर्मा

इस अवसर पर दौरे के दौरान विधायक श्री शर्मा ने ग्रामों के वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गजनों का सम्मान किया और उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी, स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। बुजुर्गों ने प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। विधायक श्री शर्मा विभिन्न धार्मिक स्थलों पर भी पहुंचे, जहां उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं निरंतर विकास के लिए स्थानीय देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की डबल इंजन सरकार के कारण विकास कार्यों को नई गति मिली है। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुए कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार आया है। सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मां जगदंबा महायज्ञ शुभारंभ

# भव्य कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**सिरोंज।** धर्मनगरी ग्राम जैतपुर में आयोजित माँ जगदंबा स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ प्रथम दिवस पर भव्य एवं ऐतिहासिक कलश यात्रा के साथ हुआ।

इस पावन बाबा विश्वनाथ धाम से वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि एवं माँ जगदंबा के जयकारों के मध्य कलश यात्रा प्रारंभ हुई। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु मातृशक्ति ने सिर पर कलश धारण कर तथा भक्तों ने ध्वज-पताकाओं के साथ पूरे उत्साह एवं श्रद्धा से यात्रा में सहभागिता की। कलश यात्रा ग्राम जैतपुर के प्रमुख मार्गों से होती हुई भक्तिमय वातावरण के बीच महामाई माता यज्ञशाला पहुँची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। प्रथम दिवस पर पूरे ग्राम में धर्म, भक्ति और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिली। जय माँ जगदंबा के जयघोषों से सम्पूर्ण क्षेत्र गुंजायमान रहा। यज्ञशाला पहुँचने पर वैदिक आचार्यों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ कराया गया।

ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। माँ जगदंबा की असीम कृपा प्राप्ति हेतु आयोजित इस महायज्ञ के आगामी कार्यक्रमों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालू शामिल होंगे एवं धर्म, संस्कृति और श्रद्धा का अद्भुत संगम बना।

# इतिहास रचते ईशान इंटरनेशनल स्कूल सिरोंज के नन्हे कैडेट्स



**सिरोंज।** ईशान इंटरनेशनल स्कूल ने एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। नगर के इतिहास में पहली बार किसी निजी विद्यालय के मात्र 13-14 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने एनसीसी कैंप में सहभागिता कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

विद्यालय के चयनित कैडेट्स अपने प्रथम एनसीसी कैंप के लिए उत्साह एवं गर्व के साथ रवाना हुए। कम उम्र में ही इन विद्यार्थियों ने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रसेवा एवं आत्मविश्वास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि एनसीसी केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण माध्यम है। कैंप में परेड, ड्रिल, शारीरिक दक्षता, नेतृत्व विकास तथा राष्ट्रीय एकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त होगा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय का मानना है कि इन विद्यार्थियों की उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी। ईशान इंटरनेशनल स्कूल परिवार को अपने इन नन्हे कैडेट्स पर गर्व है, जिन्होंने सिरोंज को एनसीसी के मानचित्र पर एक नई पहचान में कदम बढ़ाया है।

# 93 की उम्र में भी कमाल की ऊर्जा : 70 वर्ष से योग साधना कर रहे योगाचार्य विष्णु आर्य, सिखा रहे स्वस्थ जीवन का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर


उम्र के 90 का दशक पार कर चुके, अद्भुत ऊर्जा और कड़े अनुशासन की मिसाल बने जिले के वरिष्ठ योगाचार्य विष्णु आर्य 93 वर्ष की उम्र में भी पूरी सक्रियता के साथ लोगों को योग सिखा रहे हैं। पिछले 70 वर्षों से योग साधना में जुटे विष्णु आर्य न केवल योग प्रशिक्षण दे रहे हैं, बल्कि योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन की राह भी दिखा रहे हैं। सागर में स्थापित उनके 'योग निकेतन' में आज भी सैकड़ों लोग योग सीखने पहुंचते हैं।

### बिना ऑपरेशन जुड़ गई कूल्हे की हड्डी

हाल ही में दिसंबर 2025 में कूल्हे की हड्डी टूटने के कारण योगाचार्य विष्णु आर्य अस्वस्थ हो गए थे और करीब ढाई महीने तक बेड रेस्ट पर रहे। लेकिन उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, नियमित उपचार और योग अनुशासन का ही चमत्कार था कि बिना किसी ऑपरेशन के उनकी हड्डी जुड़ गई। अब वे पूरी तरह स्वस्थ होकर फिर से योग साधना और प्रशिक्षण में जुट गए हैं। इन दिनों वे वाकर के सहारे चलकर संस्थान पहुंचते हैं, खुद भी योगाभ्यास करते हैं और दूसरों को भी सिखाते हैं। आगामी 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' की तैयारियों के तहत वे सागर स्थित योग निकेतन संस्थान में लोगों को नियमित योगाभ्यास करा रहे हैं।




**व्याख्यान आज:** विदिशा। गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आज रविवार सुबह 10 :30 बजे मां हॉस्पिटल, श्रीरामनगर में करुणावतार बुद्ध और उनका धम्म विषय पर व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्राध्यापक डॉ. रमेश रोहित (रत्नशील राजवर्धन) होंगे। कार्यक्रम की प्रस्तावना साहित्यकार हरगोविंद मैथिल प्रस्तुत करेंगे। डॉ सुरेश गर्ग, वरिष्ठ साहित्यकर तथा आयोजन समिति अध्यक्ष सुलखान सिंह हाड़ा प्रो अरविंद द्विवेदी ने लाभ लेने का अनुरोध किया है।










### हैंडपंप बोरिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज . विदिशा। जनपद पंचायत विदिशा द्वारा आयोजित जनकल्याण शिविर ग्रामीणों के लिए राहत का माध्यम बन रहे हैं। ग्राम पंचायत करारिया लश्करपुर के ग्रामीणों ने शिविर में पेयजल संकट की समस्या उठाते हुए हैंडपंप स्थापना की मांग की थी। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीएचई विभाग के समन्वय से मांग का परीक्षण कराया।







**महंगाई का असर : सड़क की लागत बढ़ने से ठेकेदारों ने काम करना किया बंद**

# डामर हुआ महंगा, पीडब्ल्यूडी की 7 करोड़ लागत की सात सड़कों का निर्माण अटका

**बड़ा सवाल: क्या डामर सस्ता होगा तब बनेगी सड़क? या ग्रामीणों को धूल-कीचड़ में ही सफर करना पड़ेगा?**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/दीवानगंज

डीजल-पेट्रोल के बाद अब डामर की महंगाई ने लोक निर्माण विभाग की सड़कों पर ब्रेक लगा दिया है। डामर के रेट रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से रायसेन सर्किल की करीब 27 करोड़ रुपए लागत की 7 सड़कें अधर में लटक गई हैं। जिले में 27 किमी सड़क निर्माण का काम ठप पड़ा है।

ठेकेदारों का कहना है कि जिस समय टेंडर हुए थे, उस समय डामर के रेट आज की तुलना की में आधे थे। अब कीमत दोगुनी हो जाने से काम करना मुश्किल हो रहा है।

**क्या है पूरा गणित :** 5-6 महीने पहले जो डामर 45-46 हजार रुपए प्रति टन मिलता था, वो बढ़कर 1 लाख रुपए प्रति टन पहुंच गया था। अब थोड़ा खिसककर 87 हजार रुपए टन है। विभाग के ईई बीके सूत्रकार ने बताया कि सिर्फ डामर ही नहीं, सीमेंट के दाम बढ़ने से भी सड़क निर्माण की गति धीमी पड़ गई है। डामर और सीमेंट दोनों महंगे होने से ग्रामीण इलाकों की सड़कें सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही हैं।

### आम जनता बेहाल

जमुनिया-नीनोंद, राजीव नगर-भैंसाया जैसी सड़कें महीनों से अधूरी पड़ी हैं। बरसात में कीचड़ और धूल से ग्रामीणों को रोज परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्कूल की बसें, एंबुलेंस तक नहीं निकल पा रही।

### हादसों को न्यौता दे रही अधूरी बनी सड़क

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, सड़क निर्माण का काम बड़े जोर-शोर से शुरू किया था। ठेकेदार ने पूरी सड़क खुरचकर उस पर मोटी-मोटी गिट्टियां तो डाल दीं, लेकिन उसके बाद डामरीकरण करना भूल गया। स्थिति यह है कि इस मार्ग से गुजरने वाले दुपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।



### आरोप - सड़क ठेकेदार और अधिकारियों की लापरवाही से रुका काम

## जमुनिया-नीनोद मार्ग निर्माण अधूरा सड़क बनी ग्रामीणों की मुसीबत

सांची विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जमुनिया से नीनोद तक करीब 3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इस सड़क निर्माण के लिए सागर साहू कंट्रक्शन कंपनी भोपाल को करीब 3 करोड़ 34 लाख रूपये की लागत से दिया गया है। ठेकेदार श्री साहू द्वारा निर्माणाधीन सड़क पर गिट्टी बिछाकर काम रोक दिए जाने से ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही के कारण सड़क निर्माण कार्य महीनों से अटका हुआ है।

### गिट्टी बिछाकर काम छोड़ा

ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण शुरू होने के बाद कुछ दूरी तक कार्य किया गया। लेकिन उसके बाद ठेकेदार गिट्टी बिछाकर काम अधूरा छोड़ गया। सड़क पर फैली गिट्टियों के कारण दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर घायल हो रहे हैं। कई छोटे-बड़े हादसे भी अब तक हो चुके हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार सागर साहू जिला प्रशासन को शिकायतें की गईं। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

जमुनिया से नीनोद को जोड़ने वाला यह मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सड़क है। इसी रास्ते से ग्रामीण बाजार, स्कूल, अस्पताल के लिए आवागमन करते हैं। सड़क अधूरी होने से बरसात में स्थिति और अधिक खराब होने की आशंका है।

### इन सड़क का रुका निर्माण

- जमुनिया से नीनोद सड़क – 3 किमी
- सोंठिया से परवरिया साढे 7 किलोमीटर
- राजीव नगर से भैंसाया 5 किलोमीटर
- सरार से फूलसिंह का टपरा– 3 .5 किमी
- मुछैल से चांदपुर – सवा 2 किलोमीटर
- शंकरगढ़ पहुंचकर मार्ग 900 मीटर
- कैंप नं 5 से राजलबाड़ी 3 .5 किलोमीटर

**सड़क निर्माण रुका**

एग्रीमेंट 45 हजार रुपए टन के रेट पर हुआ था। अब डामर 87-1 लाख रूपए प्रति टन है। इस रेट पर काम करेंगे तो नुकसान ही नुकसान। इसलिए फिलहाल डामर का काम रोक दिया है।

**- सागर साहू,** ठेकेदार भोपाल

**सड़क निर्माण रुका**

डामर महंगा होने से रायसेन सर्किल की सात सड़कों का निर्माण रुक गया। इनमें जमुनिया से नीनोंद, राजीव नगर से भैंसाया सहित 5 अन्य लोक निर्माण विभाग की सड़कें शामिल हैं। कुल लागत करीब 27 करोड़ रुपए।

**- सत्येंद्र रमन,** सब इंजीनियर।

**काम पूरी तरह बंद**

जिले में हर महीने 600-700 टन डामर की जरूरत है। पर रेट बढ़ने से ठेकेदारों ने डामर खरीदना ही बंद कर दिया। डामरीकरण का काम पूरी तरह बंद है।

**- बीके सूत्रकार,** ईई, पीडब्ल्यूडी रायसेन।



**वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की**

## एडीबी दल ने किया निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण

**जलशोधन संयंत्र परिसर में किया पौधरोपण, परियोजना की प्रगति एवं गुणवत्ता का लिया जायजा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की परियोजना क्रियान्वयन इकाई, भोपाल अंतर्गत सांची जल प्रदाय योजना के तहत निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण शनिवार को एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के प्रतिनिधिमंडल द्वारा किया। एडीबी की टीम में विशेषज्ञ विवेक विशाल, रुपोस्त्रोता कहाली एवं कार्लिटो शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान एडीबी दल ने जल शोधन संयंत्र के विभिन्न निर्माणाधीन घटकों का अवलोकन करते हुए परियोजना की प्रगति, निर्माण गुणवत्ता तथा कार्यों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। दल ने परियोजना के निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए।

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी सुबोध जैन, सहायक परियोजना प्रबंधक राहुल समाधिया, सीडीओ गिरीश नायर, डॉ. अमित कुल्हार, परियोजना प्रबंधन सलाहकार फर्म के दीपक हतवाले सहित संविदाकार के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जल प्रदाय परियोजना का किया जा रहा क्रियान्वयन

एडीबी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा जल शोधन संयंत्र परिसर में पौधरोपण भी किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। उल्लेखनीय है कि एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा पर्यटन नगरी सांची में जल प्रदाय परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## रोते मिले 2 साल के मासूम को एक घंटे में माता-पिता से मिलाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

पुलिस और युवाओं की मुस्तैदी से राह भटके एक 2 वर्षीय मासूम बच्चे को महज एक घंटे में सुरक्षित उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार, शनिवार को सांची कॉम्प्लेक्स के पास ग्राम मढ़ा के निवासी प्रशांत अहिरवार, आशीष सिलावट और अजय अहिरवार को एक अज्ञात बच्चा रोता हुआ मिला। युवाओं ने परिजन को तलाश किया, लेकिन जब कोई नहीं मिला, तो वे सांची थाने पहुंचे।

मासूम बच्चे अपने माता-पिता के बारे में कुछ भी बताने में असमर्थ था। पुलिस ने उस इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और बच्चे की फोटो स्थानीय वॉट्सएप ग्रुप्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया। फोटो शेयर होने के एक घंटे में परिजनों का पता चला और बच्चे को उसके पिता मनोज बाल्मीकि (निवासी सांची) को सौंप दिया है। बच्चा खेलते-खेलते घर से दूर निकल गया था।

## डाइट परिसर में स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल के मुख्य आतिथ्य में होगा सामूहिक योग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

विश्व योग दिवस पर आज 21 जून को जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य में शहर के डाईट परिसर में आयोजित किया है। जिसमें जनप्रतिनिधियों, जिला मुख्यालय की सभी शासकीय और अशासकीय संस्थाओं के छात्र-छात्राओं, गणमान्य नागरिकों एवं लोगों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। यह सामूहिक योग कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक होगा। जिला मुख्यालय के साथ ही सांची, भीमबैटका सहित सम्पूर्ण जिले में भी सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## राशन के लिए ई-केवाईसी, बिना सत्यापन बंद हो सकता है अनाज वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन प्राप्त करने वाले हजारों हितग्राहकों के लिए यह महीना बेहद महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। शासन के निर्देश पर राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा में ई-केवाईसी न कराने वाले हितग्राहियों को भविष्य में राशन लेने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

दीवानगंज पंचायत भवन में भी ई-केवाईसी का कार्य प्रारंभ हो गया है। मलखान सिंह ठाकुर द्वारा सभी हितग्राही की केवाईसी की जा रही है। राशन दुकानों और संबंधित केंद्रों पर हितग्राहियों की पहचान का सत्यापन किया जा रहा है। इसके लिए लाभार्थियों को स्वयं उपस्थित होकर आधार आधारित सत्यापन कराना होगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि राशन का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक ही पहुंच रहा है। जानकारी के अनुसार कई लोगों का मानना है कि उन्होंने पहले ही केवाईसी करा रखी है, लेकिन विभागीय अधिकारियों का कहना है कि करीब पांच वर्ष पहले कराई गई। केवाईसी अब मान्य नहीं मानी जाएगी और शासन के नए निर्देशों के तहत दोबारा ई-केवाईसी कराना आवश्यक है।



**प्रशासनिक उदासीनता पर भड़के ग्रामीण**

## एक साल से बदहाल पुलिया, 25 गांवों पर मंडरा रहा सड़क संपर्क टूटने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

मानसून की दस्तक के साथ ही ग्राम मुआर और आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। कारण है सिलवानी-उदयपुरा मार्ग से जुड़े ग्राम मुआर की क्षतिग्रस्त पुलिया, जो पिछले एक वर्ष से प्रशासनिक लापरवाही और उदासीनता की भेंट चढ़ी हुई है।

बरसात के दौरान हुए कटाव से पुलिया का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था, लेकिन पूरे एक साल बीत जाने के बाद भी जिम्मेदार विभाग मरम्मत या पुनर्निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा सका।

ग्रामीण यशपाल पटेल, दौलत सिंह रघुवंशी, संजीव रघुवंशी, भूपेंद्र रघुवंशी, रामबाबू रघुवंशी, हेमंत महाराज और अमित रघुवंशी का कहना है कि पिछले वर्ष से लेकर अब तक कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल निरीक्षण और आश्वासन ही मिले। अब मानसून शुरू होते ही करीब 25 गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूटने का खतरा फिर से खड़ा हो गया है।



ग्राम मुआर के पास यशपाल पटेल के खेत के समीप स्थित यह पुलिया स्टेट हाईवे-44 से गांव को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। इसी रास्ते से प्रतापगढ़ सहित दो दर्जन से अधिक गांवों के किसान, छात्र, मजदूर और व्यापारी सिलवानी पहुंचते हैं। पुलिया की जर्जर स्थिति के कारण अब हर दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीण राजेश पटेल, मुकेश रघुवंशी और राजेंद्र लोधी का कहना है कि रात के समय वाहन चालकों को क्षतिग्रस्त हिस्से का सही अनुमान नहीं लग पाता, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

किसानो का कहना है कि पिछले वर्ष पुलिया के आसपास हुए कटाव और जल निकासी बाधित होने के कारण खेतों में लंबे समय तक पानी भरा रहा। इससे सोयाबीन और धान की फसलें बर्बाद हो गईं। किसान संजीव रघुवंशी, भूपेंद्र रघुवंशी, रामबाबू रघुवंशी, हेमंत महाराज और अमित रघुवंशी को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। वहीं यशपाल पटेल और दौलत सिंह रघुवंशी के खेतों में धान की फसल लगभग समाप्त हो गई थी।

ग्रामीण महेश विश्वकर्मा, कमलेश पटेल और सुरेश अहिरवार का कहना है कि यह केवल एक पुलिया नहीं, बल्कि 25 गांवों की जीवन रेखा है। इसी मार्ग से किसान अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाते हैं, छात्र-छात्राएं स्कूल और कॉलेज जाते हैं तथा मरीज अस्पताल पहुंचते हैं। यदि पुलिया बह गई या मार्ग बंद हो गया तो हजारों लोगों का जनजीवन प्रभावित हो जाएगा।

ग्रामीणों का आरोप है प्रशासन की उदासीनता अब लोगों की सुरक्षा पर भारी पड़ रही है। एक वर्ष से समस्या जस की तस बनी हुई है, जबकि बरसात सिर पर आ चुकी है।

**मरदानपुर रोड क्षेत्र में हादसे की आशंका**

## नीचे झूल रहे हाईटेंशन तारों से किसानों में फैली दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

मरदानपुर रोड स्थित कृषि भूमि के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन के तारों के अत्यधिक नीचे झूलने से क्षेत्र के किसानों में चिंता और भय का माहौल बना हुआ है। किसानों का कहना है कि खेतों में कृषि कार्य के दौरान हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

किसान भगवान सिंह रघुवंशी ने बताया कि उनके खेत के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार जमीन से काफी कम ऊंचाई पर लटके हुए हैं। इससे हार्वेस्टर, ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्रों के संचालन में परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर तार बेहद नीचे आ गए हैं, जिससे खेत में काम करने वाले मजदूरों और किसानों की सुरक्षा को भी खतरा बना हुआ है।



किसान रामलाल ने कहा कि सिंचाई और फसल कटाई के दौरान विद्युत तारों के कारण हमेशा भय बना रहता है। वहीं कैलाश लोधी का कहना है कि खेती के मौसम में मशीनों की आवाजाही बढ़ जाती है, ऐसे में नीचे झूल रहे तार किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

## ट्रेन की चपेट में आई महिला की मौत तीन घंटे तक पटरी पर पड़ा रहा शव

**जीआरपी चौकी न होने से उजागर हुई रेलवे सुरक्षा व्यवस्था की खामियां**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के दीवानगंज-सेमरा रेलवे स्टेशन पर शनिवार को हुए एक दर्दनाक हादसे ने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक तत्परता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रेलवे ट्रैक पार करते समय एक अज्ञात महिला तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद महिला का शव करीब तीन घंटे तक रेलवे ट्रैक पर पड़ा रहा, जबकि स्थानीय लोग और यात्री मदद की आस लगाए खड़े रहे। इस घटना ने क्षेत्र में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब 40 वर्षीय महिला प्लेटफॉर्म नंबर-2 के पास रेलवे लाइन पार कर रही थी। इसी दौरान तेज गति से गुजर रही ट्रेन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भयावह थी कि महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर दीवानगंज पुलिस चौकी का अमला मौके पर पहुंचा, लेकिन रेलवे क्षेत्र होने से कार्रवाई जीआरपी के अधिकार क्षेत्र में होने से शव को वहीं छोड़ना पड़ा।



### स्थानीय रहवासियों ने बताया अमानवीय स्थिति

हादसे के बाद सबसे चिंताजनक पहलू यह रहा कि महिला का शव तीन घंटे से अधिक समय तक पटरियों पर पड़ा रहा। तेज धूप के बीच शव के पास लोगों की भीड़ जुटी रही, लेकिन जीआरपी टीम के पहुंचने तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि दीवानगंज और सलामतपुर स्टेशनों पर जीआरपी की स्थायी चौकी नहीं होने से हर दुर्घटना में भोपाल या विदिशा से टीम बुलानी पड़ती है, जिससे अनावश्यक देरी होती है।

**आवास की आस में गेट पर इंतजार, शिवराज को सौंपे आवेदन**

## किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की सौगात मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शनिवार को बाड़ी में आयोजित जनकल्याण शिविर और पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम के दौरान जहां किसानों के खातों में करोड़ों रुपये की सम्मान निधि पहुंची।वहीं आवास योजना से वंचित गरीब परिवारों का दर्द भी छलक कर सामने आया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम स्थल के बाहर बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें और गरीब महिलाएं प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल किए जाने की मांग को लेकर घंटों इंतजार करती रहीं। महिलाओं ने केंद्रीय मंत्री श्री चौहान को आवेदन सौंपकर पक्का मकान दिलाने की गुहार लगाई।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल से वर्चुअल माध्यम से देशभर के 9.44 करोड़ किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 18,880 करोड़ रुपये की राशि जारी की। बाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को संबोधित करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नए तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। साथ ही कई करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया।



मंत्री शिवराज सिंह ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य लाड़ली बहनों को आत्मनिर्भर बनाकर लखपति दीदी तैयार करना है। इसके लिए आजीविका मिशन के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने विदिशा की तर्ज पर रायसेन में भी मामा कोचिंग क्लास शुरू करने की घोषणा की।

मंच पर योजनाओं और विकास कार्यों की घोषणाएं हो रही थीं, वहीं बाहर बैठी महिलाओं की चिंता कुछ और थी। कई महिलाएं अपने बच्चों के साथ आवेदन लेकर पहुंची थीं। उनका कहना था कि वे वर्षों से कच्चे और जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं। हर बारिश उनके लिए मुसीबत बनकर आती है। मकानों की दीवारें कमजोर हो चुकी हैं और छत टपकती है, जिससे परिवार के साथ रहना जोखिम भरा हो गया है।

महिलाओं ने बताया कि वे कई बार आवेदन दे चुकी हैं। लेकिन अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया। उनका कहना था कि सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ जरूर मिला है, लेकिन पक्के घर की आवश्यकता आज भी अधूरी है। बरसात में कच्चे मकानों में रहना बेहद कठिन हो जाता है।

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद महिलाओं ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को आवेदन सौंपते हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल करने की मांग की।


शिक्षा एवं संस्कार की पाठशाला
सफलता का 9 वां वर्ष
VIJENDRA SINGH ACADEMY PVT. LTD. VIDISHA
LET'S START A CONCEPTUAL JOURNEY
9109904921, 22
VIJENDRA SINGH ACADEMY
17, मुख्य परिसर,गली नं.3, विशाल मेगा मार्ट के पीछे, राजीव नगर, विदिशा ( म.प्र. )
विदिशा रायसेन क्षेत्र से प्रत्येक वर्ष JEE एवं NEET में सर्वश्रेष्ठ RESULT देने वाला सबसे विश्वसनीय संस्थान VSA ही है
NEET RESULT-2025
STATE RANK 137 Fresher Selection Govt. MGM INDORE 2 Year Classroom Program आदित्य लोधी
STATE RANK 1232 Fresher Selection Govt. GMC SHAHDOL 2 Year Classroom Program दर्शिनी यादव
STATE RANK 1890 DROPPER LN MEDICAL COLLEGE BHOPAL 1 Year Classroom Program साक्षी प्रजापति
STATE RANK 1949 DROPPER PEOPLE'S MEDICAL COLLEGE BHOPAL 3 Year Classroom Program भूमि रघुवंशी
STATE RANK 2090 DROPPER PEOPLE'S MEDICAL COLLEGE BHOPAL 1 Year Classroom Program भावेश जैन
STATE RANK 2269 DROPPER PEOPLE'S MEDICAL COLLEGE BHOPAL 1 Year Classroom Program रिया साहू
STATE RANK 3377 DROPPER SUKH SAGAR MEDICAL COLLEGE JABALPUR 1 Year Classroom Program प्रतिष्ठा माथुर
डॉक्टर बनने का सपना अब होगा साकार
प्रिय विद्यार्थियों एवं अभिभावकों, हर वर्ष लाखों विद्यार्थी NEET परीक्षा में शामिल होते हैं, लेकिन मेडिकल कॉलेज में प्रवेश कुछ चुनिंदा विद्यार्थियों को ही मिल पाता है। इसका कारण केवल मेहनत नहीं, बल्कि सही समय पर सही मार्गदर्शन और अनुशासित तैयारी भी है। विजेंद्र सिंह अकादमी आपको केवल पढ़ाती नहीं, बल्कि NEET जैसी कठिन परीक्षा के लिए मानसिक रूप से भी तैयार करती है। विजेंद्र सिंह अकादमी पिछले कई वर्षों से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी फैकल्टी और नियमित टेस्ट सिस्टम के माध्यम से सफलता की ओर अग्रसर कर रही है।यदि आपके मन में भी डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने का सपना है, तो आज ही अपनी तैयारी को सही दिशा दें।
✓ अनुभवी एवं समर्पित शिक्षक
✓ NCERT आधारित सम्पूर्ण तैयारी
✓ नियमित टेस्ट एवं प्रदर्शन विश्लेषण
✓ व्यक्तिगत मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप
✓ प्रतियोगी वातावरण एवं अनुशासन
✓ सीमित विद्यार्थियों के बैच
ADMISSION OPEN
BATCH STARTING FROM
25th June
NEET Droppers
OUR COURSES
JEE ( Main + Advanced )
For Class 11th, 12th & Droppers
NEET ( UG )
For Class 11th, 12th & Droppers
FOUNDATION COURSES
For Class 8th, 9th & 10TH
(Olympiads | Boards)
BOARD EXELLENCE
For Class 10th, 12th
( CBSE | MPBSE )
JEE & NEET की शानदार सफलता के बाद
अब 12वीं बोर्ड की सम्पूर्ण तैयारी एक ही छत के नीचे !
विशेष बैच प्रारंभ
कक्षा 12वीं (CBSE एवं MP Board)
प्रवेश चालू हो गए हैं तो जल्दी करें !
LIMITED SEATS AVAILABLE
For Class 12th Batch Starting From 6th July
ADMISSIONS OPEN 2026-27
विशेष सुविधाएँ
कम फीस पर ALL SUBJECTS एक ही परिसर में।
नियमित टेस्ट, डाउट सॉल्विंग एवं व्यक्तिगत मार्गदर्शन।
JEE एवं NEET की तैयारी कराने वाली अनुभवी फैकल्टी के द्वारा मार्ग दर्शन।
उत्कृष्ट अध्ययन वातावरण एवं अनुशासित शैक्षणिक व्यवस्था।
JEE ADVANCED RESULT-2026
JEE MAINS 99.87%ile
IISc Bengalore
AIR GEN-CRL 1732 OBC-NCL 309
देव साहू
JEE MAINS 99.55%ile CRL (6211) OBC (1394) राज लोधी
JEE MAINS 99.20%ile CRL(9273) OBC (2219) सहज प्रजापति
JEE MAINS 98.36%ile CRL (10318) EWS (1316) आर्यन तिवारी
JEE MAINS 98.22%ile CRL (20191) OBC (5493) कुशाग्र पाल
DISTRICT TOPPER Class 12th Math Stream CBSE Board 92.8%
JEE MAINS 98.86%ile CRL(29187) EWS(4400) सौम्या गुप्ता
JEE MAINS 97.74%ile EWS (5827) अर्थ जैन
JEE MAINS 95.94%ile EWS (6145) मिलर शर्मा
JEE MAINS 95.86%ile OBC (9468) उपलक्ष्य किरार
JEE MAINS 93.38%ile OBC (11328 गार्गी नामदेव
SC (6138) कनिष्का चौधरी
SC (6642) तनिष्का अहिरवार
JEE (ADVANCED) 12 SELECTIONS
JEE (MAIN) 35 SELECTIONS


श्री बालाजी ईको सिटी की सफलता
के बाद
अब आपके लिए लाए हैं
श्री बालाजी
ईको सिटी फेस-2
AMENITIES
Commercial Space
Temple
Community Hall
24 X 7 Security
साइट पताः साई मंदिर एक्सटेंशन, अहमदपुर सर्किल, सागर भोपाल बायपास रोड, विदिशा
ऑफिस पताः प्रथम तल, गोपाल कॉम्प्लेक्स, बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर राजीव नगर विदिशा
9407598098
9300385104
Project by
NARESH
BUILD AND HOMES PVT. LTD.
90%
लोन सुविधा उपलब्ध है
✓ सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ऋण सुविधा उपलब्ध है
✓ कृषकों के लिए भी होम लोन सुविधा
SBI
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
AMENITIES
Shopping Complex
Gymnasium
Tirupati Balaji Mandir
Sports Complex
Food Chopati
Community Hall
YOUR
Dream Home
AWAITS
SHREE BALAJI Paradise PHASE II
LUXURIOUS SINGLEXES
Starting from
22.50 LAKH
SHRI BALAJI Paradise
साइट पता : साई मंदिर एक्सटेंशन, अहमदपुर सर्किल, सागर भोपाल बायपास रोड, विदिशा
ऑफिस : प्रथम तल, गोपाल काम्प्लेक्स, बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, राजीव नगर , विदिशा
CALL US
9407598098
9300385104
A project by


उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान समाचार पत्र
हरिभूमि के
12वे स्थापना दिवस
पर समस्त हरिभूमि परिवार को
हार्दिक शुभकामनाएं
एवं बधाईयां
श्रीमति गीता कैलाश रघुवंशी
अध्यक्ष, जिला पंचायत विदिशा
सौजन्य: कैलाश रघुवंशी मित्रमंडल, विदिशा (म.प्र.)


उत्कृष्ट पत्रकारिता के कीर्तिमान
समाचार पत्र हरिभूमि के
12वें स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं
एवं बधाईयां
श्रीमति सपना राजेश जैन
जिला योजना समिति सदस्य
पार्षद वार्ड नं.35
अध्यक्ष-सकल महिला जैन समाज
जिला विदिशा
राजेश जैन
प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय उद्योग व्यापार मंडल म.प्र.
अध्यक्ष- व्यापार महासंघ, विदिशा


हरिभूमि अखबार के 12वे स्थापना दिवस
पर समस्त हरिभूमि परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति प्रीति राकेश शर्मा
अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, विदिशा
सौजन्यः राकेश शर्मा मित्रमंडल, विदिशा (म.प्र.)


हमे है आपकी हर सुविधाओं का ख्याल
इसलिए हमने तैयार की है सभी सुविधाओं से पूर्ण कॉलोनी
सिद्धि विनायक
एनक्लेव
पूर्ण वैद्य कॉलोनी
बंटी नगर विदिशा (म.प्र.)
भव्य आकर्षक द्वार
चोड़ी कांक्रिट सी.सी. रोड फुटपाथ पेवर्स
सिंग्लेक्स/डुप्लेक्स
सुरक्षित बाउण्ड्री वाल
विशेषताएंः
♦ भव्य आकर्षक द्वार।
♦ मैन एन्ट्री 40 फीट चौड़ी सड़क।
♦ सुरक्षित कवर्ड केम्पस।
♦ सी.सी.टी.वी. कैमरे एवं सिक्युरिटी गार्ड।
♦ 2 भव्य सुन्दर, आकर्षित गार्डन।
♦ 24x7 पानी सुविधा।
♦ ड्रेनेज सुविधा/स्ट्रीट लाईट।
♦ सुरक्षित बिजली सुविधा।
♦ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट सिस्टम इनस्टॉल।
♦ सभी प्रमुख बैंकों से लोन सुविधा।
सर्व सुविधायुक्त कॉलोनी
रो-हाऊसेस
सीसीटीवी कैमरे एवं सिक्युरिटी गार्ड
बच्चों के लिए प्ले-ग्राउंड
संपर्क करें:
7000935932
प्लॉट्स सिंगलेक्स एवं डुप्लेक्स मकान
आपके सपनों का घर एक कॉल की दूरी पर


A SPRINGFIELD JUNIOR SCHOOL
UDAAN
SPRINGFIELD WORLD SCHOOL
www.springfieldworld.edu.in
Big Dreams begin with Small Steps
Play Learn and Grow Together
Springfield World School
Udaan is now in the Heart of Vidisha City
• Activity-Based Learning
• Caring & Experienced Teachers
• Safe & Secure Campus
• Joyful, Nurturing Environment
ADMISSIONS OPEN
Pre-Nursery to Grade 2
Enroll Today
FOR MORE INFORMATION
+91 89620 45819
Limited Seats Available
VISIT US AT
Kranti Chowk, Durga Nagar, Vidisha


Thank You, Vidisha, for Making Us the Most Preferred School in the City.
Vidisha's First AI-Integrated School
#ICSE Curriculum
WHERE GURUKUL MEETS TECHNOLOGY
ACADEMICS
CO - CURRICULAR
MODERN GURUKUL
WORLD CLASS LABS
ICSE BOARD
STRONG FOCUS ON ENGLISH LANGUAGE
POWERED BY CAMBRIDGE UNIVERSITY & PRESS
AI SCHOOL
HOMEWORK IN SCHOOL
WORLD CLASS SPORTS FACILITIES
INDOOR THEATRE
PHYSICAL TRAINING
DANCE & MUSIC STUDIOS
DAILY YOGA CLASSES
EATING HABITS
VED SANSKAR
CONNECTING WITH ROOTS
PERSONALITY DEVELOPMENT CLASSES
AI MACHINE LAB
SPACE LAB
MONTESSORI LAB
15 COMPUTER LAB
Magadham Vidyapeeth
The final admission window is now open 2026-27
Register Now +91 9109918402
Location: Magadham Vidyapeeth, Teelakhedi, Vidisha, Madhya Pradesh 464001